ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शनिवार 14 जून 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 75


## अहमदाबाद विमान हादसा-170 ताबूत तैयार करने का ऑर्डर:275 पहुंची मृतकों की संख्या; 248 DNA सैंपल्स लिए गए, 11 शवों की पहचान



अहमदाबाद विमान हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंचा गया है। शवों को रखने के लिए 170 ताबूत का ऑर्डर दिया गया। बड़ोदरा के शख्स ने बताया कि एअर इंडिया के मैनेजर ने फोन कर ताबूतों का ऑर्डर दिया।

इधर, अहमदाबाद सिविल अस्पताल के डिप्टी सिविल सुपरिंटेंडेंट रजनीश पटेल ने शनिवार को कहा- अब तक 248 शवों के DNA सैंपल्स का क्रॉस वेरिफिकेशन हुआ है, जिसमें से 11 का DNA मैच हुआ है।

पटेल ने कहा कि आज एक महिला का शव उनके परिवार को सौंपा गया। शुक्रवार का 8 शव उनके परिजनों को हैंडओवर किया गया था। कुल 9 शव सौंपे जा चुके हैं। 8 घायलों का इलाज चल रहा है, एक की हालत गंभीर है।

वहीं, सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया- केंद्रीय गृह सचिव के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित की गई है। जो 3 महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

इससे पहले बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से जब मलबा हटाया जा रहा था, तब विमान की टेल (पिछले हिस्से) में फंसा हुआ शव दिखा था। इसका पोस्टमॉर्टम हुआ है। कहा जा रहा है कि यह शव एयर होस्टेस का हो सकता है।

पायलट का आखिरी मैसेज सामने आया

अहमदाबाद प्लेन क्रैश मामले में विमान के पायलट सुमित सभरवाल का एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (ATC) को भेजा गया आखिरी मैसेज सामने आया है। 4-5 सेकेंड के संदेश में सुमित कह रहे हैं, 'मेडे, मेडे, मेडे... थ्रस्ट नहीं मिल रहा। पावर कम हो रही है, प्लेन उठ नहीं रहा। नहीं बचेंगे।'

### मृतकों में गुजरात के 18 जिलों के लोग शामिल

गुजरात के स्टेट इमरजेंसी कमिश्नर आलोक पांडे ने कहा- अहमदाबाद प्लेन हादसे में मरने वालों में राज्य के 18 जिलों के लोग हैं। हमने पीड़ित परिवारों से संपर्क किया है। इसके लिए 230 टीमें बनाई हैं। आज से शवों को उनके परिजनों को सौंपना शुरू किया है।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने DNA सैंपल दिया है, ऐसे में जब वे शव लेने आएं तो फोटो आईडी कार्ड साथ लाएं। अगर वे नहीं आ सकते हैं, तो उनके करीबी रिश्तेदार सबूत के साथ आ सकते हैं।

उन्होंने कहा कि अहमदाबाद नगर निगम तुरंत डेथ सर्टिफिकेट देगी। शवों को पुलिस की निगरानी में गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा।

### विजय रूपाणी के बेटे अहमदाबाद पहुंचे

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के बेटे शनिवार को अहमदाबाद एयरपोर्ट पर पहुंचे। विजय रूपाणी का राजकोट में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### एअर इंडिया 25 लाख की मदद अलग से देगा

एअर इंडिया ने कहा- अहमदाबाद प्लेन हादसे में जिन लोगों की जान गई और जो लोग घायल हुए हैं। उनके परिजनों को 1 करोड़ मुआवजे के अलावा 25 लाख अलग से दिए जाएंगे।

### अहमदाबाद प्लेन हादसे में दमन एंड दीव के 14 लोगों की मौत

12 जून को हुए अहमदाबाद प्लेन क्रैश में दमन एंड दीव के 14 लोगों की मौत हुई है। दमन और दीव से सांसद उमेशभाई पटेल ने कहा- मृतकों के परिवारों से मुलाकात की है। उनकी मदद के लिए व्यवस्थाएं की हैं।

## बोइंग ने चीन को 787-9 विमान दिया:अहमदाबाद विमान हादसे के दो दिन बाद डिलीवरी दी



24 न्यूज अपडेट

अहमदाबाद विमान हादसा के दो दिन बाद ही अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग ने चीन को विमान की डिलीवरी फिर से शुरू कर दी है। चीनी मीडिया के अनुसार, बोइंग ने शनिवार को जुनयाओ एयरलाइंस को एक नया 787-9 विमान सौंपा। गुरुवार (14 जून) को अहमदाबाद में बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में 275 लोगों की मौत हो गई थी। उड़ान भरने के तुरंत बाद प्लेन क्रैश हो गया था। बोइंग और जुनयाओ एयरलाइंस ने इस डिलीवरी पर टिप्पणी करने से इनकार किया है।

इसके अलावा 9 जून को शियामेन एयरलाइंस के लिए एक बोइंग 737 मैक्स विमान भी चीन पहुंचा। इससे लगता है कि बोइंग अब चीन में अपनी डिलीवरी सामान्य कर रहा है।

## एयर इंडिया ने अहमदाबाद विमान हादसे के बाद उड़ान संख्या 171 बंद करने का फैसला लिया




24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली: एयर इंडिया ने हाल ही में हुए अहमदाबाद विमान हादसे के बाद अपनी अहमदाबाद-लंदन गैटविक मार्ग की उड़ान संख्या "AI 171" को बंद करने का निर्णय लिया है. यह फैसला उन 242 यात्रियों और क्रू मेंबर्स की याद में लिया गया है, जिनमें से इस हादसे में केवल एक ही व्यक्ति बच पाया था. हादसा विमान के उड़ान भरते ही हुआ था, जब यह बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन गैटविक हवाई अड्डे के लिए उड़ान भर रहा था.

एयरलाइंस में यह सामान्य प्रथा होती है कि किसी गंभीर या घातक विमान दुर्घटना के बाद उस उड़ान संख्या का इस्तेमाल बंद कर दिया जाता है. इसका उद्देश्य मृतकों के परिवारों और यात्रियों की भावनाओं का सम्मान करना और उन्हें मानसिक राहत देना होता है. इस संबंध में एयर इंडिया ने अपनी अहमदाबाद-लंदन गैटविक की उड़ान संख्या "AI 171" की जगह अब "AI 159" का उपयोग शुरू कर दिया है. वहीं, वापसी की उड़ान संख्या "AI 160" रखी गई है. बुकिंग सिस्टम में आवश्यक बदलाव 17 जून से लागू कर दिए गए हैं. इसी तरह, एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी अपनी उड़ान संख्या "IX 171" हटाने का फैसला किया है. यह कदम दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता का प्रतीक माना जाता है. यह प्रथा पहले भी अपनाई जा चुकी है, जैसे 2020 में कोझीकोड विमान दुर्घटना के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस ने संबंधित उड़ान संख्या का उपयोग बंद कर दिया था. इस प्रकार की पहल से एयरलाइंस दुर्घटनाओं की मार झेल रहे परिवारों के लिए सहानुभूति और सम्मान का संदेश देती हैं.

## NEET UG 2025 रिजल्ट घोषित: राजस्थान के महेश टॉपर, इंदौर के उत्कर्ष दूसरे स्थान पर; टॉप-10 में केवल एक लड़की



नई दिल्ली/उदयपुर | NEET UG 2025 का रिजल्ट आज जारी कर दिया गया है। इस प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा में राजस्थान के हनुमानगढ़ निवासी महेश केसवानी ने देशभर में टॉप कर अपना और राज्य का नाम रोशन किया है। उन्हें 720 में से 686 अंक प्राप्त हुए हैं। मध्यप्रदेश के इंदौर के उत्कर्ष अवधिया को दूसरी रैंक मिली है। उन्हें 682 अंक प्राप्त हुए। वहीं, महाराष्ट्र के कृषंग जोशी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

इस बार टॉप-10 में सिर्फ एक ही लड़की ने जगह बनाई है — दिल्ली की अविका अग्रवाल। उन्होंने 99.9996832 पर्सेंटाइल के साथ देशभर में पांचवां स्थान पाया और फीमेल कैटेगरी में टॉप किया।

टॉप-10 रैंकर्स की सूची:महेश केसवानी, हनुमानगढ़, राजस्थान – 99.9999547 पर्सेंटाइल

उत्कर्ष अवधिया, इंदौर, मध्यप्रदेश – 99.9999095

कृषंग जोशी, महाराष्ट्र – 99.9998189

मृणाल किशोर झा, दिल्ली – 99.9998189

अविका अग्रवाल, दिल्ली – 99.9996832

जेनिल विनोदभाई भयानी, गुजरात – 99.9996832

केशव मित्तल, पंजाब – 99.9996832

भव्य चिराग झा, गुजरात – 99.9996379

हर्ष केदावत, दिल्ली – 99.9995474

आरव अग्रवाल, महाराष्ट्र – 99.9995474

कुल 12.36 लाख स्टूडेंट्स हुए क्वालिफाई

इस साल NEET-UG 2025 परीक्षा 4 मई को देशभर के 5000+ परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। इसमें कुल 22.7 लाख छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिसमें से 20.8 लाख अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे और 12.36 लाख अभ्यर्थी सफल हुए।

खास बातें:

दिल्ली की अविका अग्रवाल ने फीमेल कैटेगरी में टॉप किया है।

टॉप-10 में दिल्ली के 3 छात्रों ने जगह बनाई।

राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब से भी छात्र शीर्ष 10 में शामिल।

1.18 लाख MBBS सीटों में से 1.15 लाख सीटों पर पिछले वर्ष एडमिशन हुआ था।

75 छात्रों का रिजल्ट रोका गया

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के आदेश पर इंदौर में परीक्षा देने वाले 75 छात्रों का रिजल्ट अभी जारी नहीं किया गया है। इन छात्रों ने पेपर के दौरान आई तकनीकी दिक्कतों की शिकायत की थी। हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि NTA बाकी सभी का रिजल्ट जारी कर सकता है, लेकिन इन छात्रों के लिए अंतिम मेरिट सूची बाद में तैयार की जाएगी।

कटऑफ का अनुमान:

जनरल कैटेगरी (MBBS): 660–670

OBC/SC/ST: 590–600

BDS (जनरल): 500+

BDS (आरक्षित वर्ग): 450+

काउंसलिंग जल्द शुरू होगी

NEET-UG स्कोर के आधार पर 15% ऑल इंडिया कोटा (AIQ) और 85% स्टेट कोटा के तहत MBBS और BDS काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। MCC (Medical Counseling Committee) द्वारा पहले AIQ की काउंसलिंग होगी, इसके बाद राज्य स्तर की काउंसलिंग शुरू होगी।

## SBI का होम लोन 0.50% सस्ता हुआ:अब 7.50% इंटरेस्ट पर मिलेगा कर्ज, यहां समझें EMI कितनी कम हो जाएगी




24 न्यूज अपडेट

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने लोन की ब्याज दरों में 0.50% की कटौती की है। इस कटौती के बाद SBI से सभी तरह के लोन लेना अब सस्ता हो गया है। अब SBI की होम लोन की ब्याज दर सालाना 7.50% से शुरू होंगी।

RBI ने हाल ही में रेपो रेट को 6.00% से घटाकर 5.50% किया है। जिसके बाद बैंकों ने भी FD और लोन की ब्याज दरों में कटौती शुरू कर दी है। इससे पहले यूनियन बैंक और पंजाब नेशनल बैंक ने भी लोन की ब्याज दरों में कटौती की है।

नए लोन लेने वालों के लिए: अगर आप नया होम लोन लेने की सोच रहे हैं, तो अब आपको कम ब्याज देना होगा। उदाहरण के लिए SBIनए होम लोन की ब्याज दर पहले 8% से शुरू होती थी अब ये घटकर करीब 7.50% हो जाएगी।

पुराने लोन वालों के लिए: जिन लोगों ने पहले से RLLR से जुड़ा फ्लोटिंग रेट होम लोन लिया है, उनकी ब्याज दर भी अगले रीसेट पीरियड में कम हो जाएगी। इससे या तो उनकी EMI कम होगी, या लोन की अवधि घट जाएगी। अगर लोन फिक्स्ड रेट से जुड़ा है, तो फायदा नहीं मिलेगा।

## 24 घंटे में कोरोना के 269 नए मरीज मिले:देश में अब तक 87 जानें गईं, 7400 एक्टिव केस; राजस्थान में दो की मौत



देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 269 नए केस सामने आए हैं। शनिवार सुबह 8 बजे तक देशभर में कोरोना के 7400 एक्टिव मामले हैं। वहीं मौत का आंकड़ा बढ़कर 87 हो गया। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 25 मौतें हुई हैं।

शुक्रवार को राजस्थान और केरल में दो लोगों की कोरोना से मौत हो गई। राजस्थान में 70 साल की महिला और केरल में 82 साल के बुजुर्ग ने सांस लेने में तकलीफ के चलते दम तोड़ दिया।

राजस्थान में यह कोरोना से इस साल में यह दूसरी मौत है, जबकि केरल में जनवरी से अब तक 23 लोगों की जान गई है। केरल में इस वक्त देश के सबसे ज्यादा 2109 कोविड मरीज हैं। हालांकि, गुरुवार तक 2165 एक्टिव केस थे।

**राजस्थान**: राजस्थान में शुक्रवार को कोरोना के 34 नए मरीज मिले। उदयपुर के आरएनटी मेडिकल कॉलेज के अटैच हॉस्पिटल में भर्ती 70 साल की बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला को सांस लेने में तकलीफ के कारण भर्ती कराया गया था। जांच में महिला की कोरोना रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। इससे पहले जयपुर में पिछले महीने एक मरीज की मौत हुई थी।

**उत्तर प्रदेश**: उत्तर प्रदेश सरकार ने कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए सावधानी बरतने का निर्देश जारी किया है। प्रमुख स्वास्थ्य अधिकारियों ने सभी अस्पतालों को जरूरी दवाएं, पीपीई किट, जांच सुविधाएं, आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन सिलेंडर, आईसीयू और वेंटिलेटर जैसी सुविधाओं को तैयार रखने को कहा है।

**गुजरात**: राज्य में शुक्रवार सुबह 8 बजे तक कोविड-19 के 1358 एक्टिव मामले दर्ज हुए। गुरुवार को मरीजों की संख्या 1,281 थी। 10 जून को 223 नए मामले सामने आए थे, जो 9 जून के 235 मामलों से थोड़े कम थे। राज्य में अब तक दो लोगों की मौत भी हुई है।

## इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में रही तेजी:सोना 1913 बढ़कर 99058 पर पहुंचा, चांदी 882 महंगी होकर 1.06 लाख किलो बिक रही



24 न्यूज अपडेट

इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 7 जून को सोना 97,145 रुपए पर था, जो अब (14 जून) को 99,058 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 1,913 रुपए बढ़ी है। 13 जून को सोने ने 99170 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को 1,05,285 रुपए पर थी, जो अब 1,06,167 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 882 रुपए बढ़ी है। वहीं 10 जून को चांदी ने 1,07,000 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## जॉर्जिया में फंसे राजस्थान के 61 नागरिक, जैसलमेर का भाटिया परिवार भी संकट में- 61



ईरान और इजरायल के बीच गहराते तनाव का असर अब विदेश में रहने वाले भारतीय नागरिकों पर भी दिखने लगा है. ताजा मामला जॉर्जिया से जुड़ा है, जहां राजस्थान के कुल 61 नागरिक इस समय फंसे हुए हैं. इनमें जैसलमेर से चार्टर्ड अकाउंटेंट भाविक भाटिया, उनकी पत्नी साक्षी और पांच साल का बेटा कियांश भी शामिल हैं. भाविक का परिवार इस वक्त जैसलमेर में बेहद चिंतित है और उनकी सलामती की लगातार दुआ कर रहा है.

तनाव के चलते उड़ानों पर असर: भाविक के पिता प्रमोद भाटिया ने जानकारी दी कि राजस्थान टैक्स कंसलटेंट संगठन के बैनर तले यह पूरा दल 8 जून को जॉर्जिया टूर पर रवाना हुआ था. इस ग्रुप में 29 कपल और तीन छोटे बच्चों समेत कुल 61 लोग शामिल हैं. संगठन के अध्यक्ष रतन गोयल खुद इस यात्रा का नेतृत्व कर रहे थे. यात्रा की शुरुआत बेहद सामान्य थी, सभी पर्यटक छुट्टियों का आनंद ले रहे थे, लेकिन जैसे ही पश्चिम एशिया में ईरान-इजरायल तनाव बढ़ा, कई एयरलाइनों ने अपनी उड़ानें या तो रद्द कर दीं या फिर डायवर्ट कर दिया. इस बदले हुए हालात के चलते जॉर्जिया पहुंचा यह भारतीय दल वहीं फंसकर रह गया है. उड़ानों की आवाजाही रुकने से इनकी वापसी पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं.




अपनी क्षेत्र से सम्बन्धित समाचार हमारी मेल आई पर भेजें
desk24newsupdate@gmail.com

## संपादकीय : विस्थापन का दर्द

अपना घर-बार छोड़ कर दूसरी जगह ठिकाना तलाशने की मजबूरी जीवन की डगर को और कठिन बना देती है। ऐसे लोगों के पास विस्थापन का दर्द झेलने के अलावा और कोई विकल्प नहीं रह जाता है। यह किसी एक देश की बात नहीं है, बल्कि दुनिया भर में विभिन्न कारणों से विस्थापित होने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजंसी की एक रपट के मुताबिक, दुनिया में जबरन विस्थापितों का आंकड़ा 12.2 करोड़ से अधिक हो गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 20 लाख अधिक है और बीते दशक की अपेक्षा लगभग दोगुना है। संयुक्त राष्ट्र की रपट में कहा गया है कि लोगों के विस्थापन के लिए युद्ध, आंतरिक हिंसा और उत्पीड़न मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। गौरतलब है कि वर्तमान में दुनिया में मुख्य रूप से दो मोर्चों पर आमने-सामने का युद्ध हो रहा है, वह है रूस- यूक्रेन और इजराइल - हमास। रूस और यूक्रेन के बीच तो लंबे समय से संघर्ष चल रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग हताहत भी हुए हैं। निकट भविष्य में इस युद्ध का अंत होने के आसार अभी नजर नहीं आ रहे हैं। इस कारण यूक्रेन में 88 लाख लोगों को अपना घर-बार व जमीन-जायदाद छोड़ कर दूसरी जगह जाना पड़ा है। वहीं, इजराइल - हमास के बीच युद्ध में ईरान का हस्तक्षेप भी किसी से छिपा नहीं है। दूसरी ओर, सीरिया एक दशक से अधिक समय से गृहयुद्ध झेल रहा है, जिस कारण वहां भी बड़ी संख्या में लोगों को विस्थापन का दर्द झेलना पड़ रहा है। रपट के मुताबिक, आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों की संख्या पिछले वर्ष के अंत में नौ फीसद से बढ़ कर 7.35 करोड़ हो गई है। गृहयुद्ध से जूझ रहा सूडान तो दुनिया के सबसे बड़े विस्थापन संकट का केंद्र बन गया है, जहां संघर्ष के कारण 1.4 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं यह सीरिया के 1.35 करोड़ विस्थापितों से अधिक हैं। इसके अलावा अफगानिस्तान में एक करोड़ से अधिक लोगों को जबरन विस्थापित किया गया है। हालांकि, इस मामले में भारत की स्थिति में कुछ सुधार हुआ है। जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र की एक हालिया रपट के मुताबिक, भारत में वर्ष 2024 में हिंसा के कारण 1,700 लोग विस्थापित हुए, जो 2023 में विस्थापित लोगों की संख्या से कम हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि भारत में इस मामले में भविष्य में और सुधार होगा। विस्थापन का एक पहलू यह भी है कि इन लोगों को खाद्य संकट और कुपोषण का भी शिकार होना पड़ रहा है। विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की रपट के अनुसार, दुनिया भर में कुल विस्थापितों में से 9.5 करोड़ ऐसे देशों में रह रहे हैं, जहां पहले से ही खाद्य संकट गहराया हुआ है, जैसे कि कांगो, कोलंबिया, सूडान और सीरिया। करीब 20 देशों में 14 करोड़ लोग युद्ध और हिंसा के कारण भोजन की कमी से जूझ रहे हैं। इससे स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र और कुछ अंतरराष्ट्रीय सहायता एजंसियां विस्थापित लोगों की मदद का प्रयास करती रही हैं, लेकिन वित्तीय कोष के अभाव में उनके ये प्रयास भी नाकाफी साबित हो रहे हैं।

## खामियों की आग

दिल्ली की घनी आबादी वाले इलाकों में आग से बचाव के इंतजाम पर सवाल तो पहले ही उठते रहे हैं, वहीं सरकारी इमारतों में पिछले दिनों जिस तरह की खामियां सामने आई हैं, वह चिंता का विषय है। गर्मियों के मौसम में यहां हर वर्ष आग लगने की घटनाएं होती हैं, लेकिन इन्हें रोकने के लिए न तो समन्वित उपाय किए जाते हैं और न ही नागरिकों को जागरूक किया जाता है। जब सरकारी विभाग ही लापरवाही बरतेंगे, तो कई मंजिला भवनों और व्यावसायिक इमारतों में जान-माल की सुरक्षा की क्या ही उम्मीद की जा सकती है। हाल ही में राजधानी की कई सरकारी इमारतें अग्नि सुरक्षा की कसौटी पर खरी नहीं उतर पाईं। जांच के दौरान यही हाल सरकारी अस्पतालों में दिखा। क्या कोई इस तथ्य को गंभीरता से लेगा कि कुछ अस्पतालों और सरकारी भवनों को इसी आधार पर अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र जारी नहीं किए गए या उनका नवीनीकरण नहीं किया गया, क्योंकि उनमें आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम नहीं थे। ऐसा संभव नहीं कि इमारतों से संबंधित विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों को अपनी कमियां दूर करने के लिए आगाह न किया गया हो। फिर भी लापरवाही बरती जा रही है, तो इसे गंभीरता लिया जाना चाहिए। दिल्ली के कुछ सरकारी भवन इतने पुराने हैं कि उनका मानकों पर खरा उतरना मुश्किल है। बावजूद इसके उन्हें अनापत्ति प्रमाणपत्र मिलते रहे हैं, तो यह जांच का विषय होना चाहिए। लोकनायक अस्पताल में वैकल्पिक सीढ़ियां बंद पाई गई हैं। दुर्भाग्यवश कोई घटना होती है, तो इसकी गंभीरता को समझा जा सकता है। हैरत की बात है कि आंबेडकर अस्पताल में वैकल्पिक निकास को स्थायी रूप से बंद पाया गया, यह जानते हुए भी कि रोज बड़ी संख्या में मरीज यहां आते हैं। आखिर इस तरह की लापरवाही के लिए कौन जवाबदेह है? दो वर्ष पहले राजधानी के एक नर्सिंग होम में आग लगने से छह नवजात शिशुओं की मौत हो गई थी। उस समय वहां अग्नि सुरक्षा उपायों में भारी कोताही पाई गई थी। आज भी अगर राजधानी में बड़े अस्पताल नियमों की अनदेखी कर रहे हैं, तो समय रहते सरकार को कदम उठाना चाहिए।

# अंतिम संस्कार अहमदाबाद में ही किया जाएगा: बांसवाड़ा के तीन मासूमों के शव परिजनों को सौंपे, उदयपुर के मृतकों की पहचान बाकी



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर/बांसवाड़ा। अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए बांसवाड़ा के तीन मासूम बच्चों के शव शनिवार को परिजनों को सौंप दिए गए। इन बच्चों की पहचान शुक्रवार को ही हो गई थी। उनके नाना अनिल व्यास ने बताया कि दाह संस्कार अहमदाबाद में ही किया जाएगा, इसके बाद पूरा परिवार बांसवाड़ा लौटेगा। हादसे में माता-पिता की भी मौत हो गई थी, लेकिन उनके शवों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। बांसवाड़ा के इस एक ही परिवार के तीन बच्चों की दर्दनाक मौत ने पूरे जिले को शोक में डुबो दिया है। परिजनों का कहना है कि अहमदाबाद से बच्चों के शव लाकर दाह संस्कार करने में देरी होती, इसलिए वहीं अंतिम विदाई देने का फैसला किया गया। गुरुवार रात करीब 8 बजे अहमदाबाद में डॉ. प्रतीक और डॉ. कौमी के परिजनों के डीएनए नमूने लिए गए थे लेकिन रिपोर्ट नहीं आई है। परिजनों में शामिल डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने बताया कि अस्पताल, पुलिस या प्रशासन की ओर से कोई सूचना नहीं मिली है। व्यास और जोशी परिवार के सदस्य अहमदाबाद में ही हैं और एक-एक पल सूचना के इंतजार में हैं। इस बीच जानकारी मिली है कि डॉ. कौमी की बहन कनिका भी बर्लिन से अहमदाबाद पहुंच चुकी हैं। जोशी और व्यास परिवार के रिश्तेदार और मित्र भी लगातार पहुंच रहे हैं।

### उदयपुर के प्रकाश मेनारिया की मौत की सूचना अब तक पत्नी को नहीं

उदयपुर के रोहिड़ा (ईंटाली) निवासी प्रकाशचंद्र मेनारिया, जो लंदन में शेफ का काम करते थे, इस विमान में सवार थे। हादसे में उनकी मौत हो चुकी है, लेकिन उनके परिवार ने पत्नी टमू को अभी तक यह दुखद खबर नहीं दी है। बेटे रोशन और लोकेश अहमदाबाद पहुंचे थे, जिनमें से रोशन घर लौट आया है और लोकेश अस्पताल में है। प्रकाश के साथ उनके मित्र वरदीचंद भी विमान में थे।

अब उनके शवों की पहचान डीएनए रिपोर्ट पर निर्भर है, जो 72 घंटे में आएगी। पाली और हनुमानगढ़ के मृतकों का अंतिम संस्कार, उदयपुर के 5 शवों की शिनाख्त शेष पाली निवासी खुशबू राजपुरोहित का अंतिम संस्कार शनिवार को उनके पति विपुल राजपुरोहित की उपस्थिति में किया गया। विपुल लंदन से शनिवार सुबह पाली पहुंचे और परिजनों से गले लगकर रो पड़े। शादी को सिर्फ छह महीने हुए थे। हनुमानगढ़ (पीलीबंगा) के मानव भादू, जो बीवी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के छात्र थे, का भी शनिवार को अंतिम संस्कार हुआ। हादसे के समय वे कैंटीन में खाना खा रहे थे।

### राजस्थान के 14 मृतकों में बांसवाड़ा और उदयपुर के 10 लोग शामिल

अब तक राजस्थान के 8 परिवारों के 14 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। जिनमें:

बांसवाड़ा – 5 मृतक (3 बच्चों के शव मिले)
उदयपुर – 5 मृतक (शव अभी नहीं सौंपे गए)
पाली – 1 (अंतिम संस्कार हो चुका है)
हनुमानगढ़ – 1 (अंतिम संस्कार हो चुका है)
बाड़मेर – 1, बीकानेर – 1

डीएनए रिपोर्ट पर टिकी है आधे से ज्यादा शवों की शिनाख्त शुक्रवार को मृतकों और परिजनों के डीएनए सैंपल लिए गए, लेकिन रिपोर्ट आने में अब भी समय लग रहा है। अब तक केवल कुछ शवों की पहचान हो सकी है, जिससे बाकी परिजन अभी भी शव मिलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। रविवार को भी शव सौंपने की संभावना कम है।

# पूर्व सांसद महावीर भगोरा के बेटे आशीष भगोरा ने की आत्महत्या: उदयपुर में लाइब्रेरी के कमरे में फंदा लगाकर जान दी, जांच में जुटी पुलिस



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। सलूंबर से पूर्व सांसद महावीर भगोरा के बेटे और पीएचडी होल्डर आशीष भगोरा (40) ने शनिवार सुबह उदयपुर स्थित अपनी लाइब्रेरी में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यह दर्दनाक घटना अंबामाता थाना क्षेत्र की है, जहां आशीष 'जय अंबे डेयरी' के ऊपर स्थित 24 घंटे खुलने वाली एक निजी लाइब्रेरी का संचालन करते थे। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। लाइब्रेरी में मिला शव, गमछे से लगाया फंदा शनिवार सुबह करीब 7:15 बजे जब कुछ छात्र नियमित अध्ययन के लिए लाइब्रेरी पहुंचे, तो उन्होंने आशीष को आवाज दी। जवाब नहीं मिलने पर जब वे अंदर पहुंचे तो आशीष का शव फर्श पर पड़ा मिला और छत के कुंदे से गमछे का टुकड़ा लटकता दिखाई दिया। छात्रों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस जांच जारी, पोस्टमॉर्टम के बाद होगा स्पष्ट अंबामाता थाना प्रभारी मुकेश सोनी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। शव को एमबी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है। प्रारंभिक तौर पर आत्महत्या की पुष्टि हुई है, लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के पीछे की सटीक वजह सामने आएगी। 70 छात्रों की थी लाइब्रेरी, नियमित संचालन करते थे आशीष जानकारी के मुताबिक, आशीष एक समर्पित शिक्षार्थी और समाजसेवी थे। उन्होंने इस लाइब्रेरी को जनजातीय क्षेत्र के छात्रों की सुविधा के लिए स्थापित किया था, जहां करीब 70 विद्यार्थी नियमित अध्ययन करते थे। आशीष खुद भी शिक्षा में गहरी रुचि रखते थे और पढ़ाई में बेहद प्रतिभाशाली माने जाते थे।

### भाजपा नेताओं ने जताया शोक

घटना की सूचना मिलते ही भाजपा शहर जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ और वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद सामर मौके पर पहुंचे। राठौड़ ने आशीष को एक होनहार और संवेदनशील युवा बताया और कहा, "उन्होंने जनजातीय क्षेत्र में कई रचनात्मक कार्य किए। उनके पिता महावीर भगोरा ने भी पार्टी को मजबूत किया। यह दुखद और चौंकाने वाली घटना है, पुलिस को गहराई से जांच करनी चाहिए।"


# जमीन धोखाधड़ी मामले में तीन महिलाएं गिरफ्तार




**24 न्यूज़ अपडेट**

निम्बाहेड़ा। जमीन धोखाधड़ी मामले में पांच पीड़ितों से 23 लाख रुपये से अधिक की ठगी की गई। इस मामले में मुख्य आरोपी मंजू कंवर सहित तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि मोती बाजार निम्बाहेड़ा निवासी दीपक शारदा पुत्र महेश प्रकाश शारदा ने 14 मई को कोतवाली निम्बाहेड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मंजू कंवर पत्नी भैरू सिंह ने अम्बा नगर स्थित लगभग आठ बीघा कृषि भूमि को अपनी बुआ की लड़की यशोदा कंवर पत्नी कमल सिंह राजपूत निवासी मिन्नाणा की जमीन बताकर धोखे से बेचा। 04 जुलाई 2023 को मंजू कंवर ने दीपक शारदा और देवीलाल जाट (जिनकी पत्नी अंजु जाट हैं) को जमीन बेची और दीपक से 5.30 लाख तथा देवीलाल से 8 लाख प्राप्त किए। इसी प्रकार, 22 जुलाई 2023 को सागर सोनी से 7 लाख और 20 जून 2023 को गोपाल जाट पुत्र मांगीलाल जाट और कौशल काबरा पुत्र सत्यनारायण माहेश्वरी से 3 लाख हड़प लिए। कुल 23,30,300 की ठगी की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए, डीएसपी बद्रीलाल राव के मार्गदर्शन और थानाधिकारी रामसुमेर मीणा के निर्देश पर एएसआई देवेंद्र सिंह, कानि. धर्मेंद्र और राजबाला ने कार्रवाई की। षड्यन्त्र रचने वाली मुख्य अभियुक्ता मंजू कंवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। मंजू कंवर ने अपनी साथी गंगा देवी पत्नी मुकेश राव और ज्योति पत्नी कन्हैयालाल ढोली को असली मालकिन यशोदा कंवर के रूप में पेश कर फर्जी विक्रय अनुबंध करवाए। तीनों आरोपियों से विस्तृत अनुसंधान जारी है।

# 25 हजार लेते ही आनंद की उड़ गई हवाइयां, एसीबी को आ गया "आनंद",



**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। पुलिस महकमे में रिश्वतखोरी रूकने का नाम ही नहीं ले रही है। आए दिन रिश्वत लेते कोई ना कोई कार्मिक पकड़ा जा रहा है। यहां पर खाने व खिलाने का दस्तूर इतना ज्यादा अंदर तक घर कर चुका है कि अब सुधार की गुंजाइश कम ही बची है। आज एक एएसआई का ईमान मात्र 25 हजार के लिए डोल गया।

राजसमंद जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी ने सख्त कार्रवाई करते हुए केलवाड़ा थाने में तैनात एएसआई आनंद सिंह रावत को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों धर दबोचा। जानकारी के अनुसार, एक प्रकरण में आरोपित युवक की कस्टडी में सुरक्षा और उसकी मां को केस में न घसीटने की एवज में एएसआई ने 30 हजार रुपए की मांग की थी। पीड़ित पक्ष ने इसकी शिकायत एसीबी राजसमंद कार्यालय में दर्ज कराई। शिकायत का गोपनीय सत्यापन करवाने के बाद शनिवार को टीम ने जाल बिछाया और जैसे ही एएसआई ने 25 हजार रुपए लिए, वैसे ही उसे पकड़ लिया गया। एसीबी डीजीपी रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि रिश्वत लेने की पुष्टि होने के बाद ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया गया। अब मामले में आगे की पूछताछ और कागजी कार्रवाई जारी है। राजसमंद में इससे पहले भी एसीबी द्वारा कई पुलिसकर्मियों को रिश्वत मामलों में पकड़ा जा चुका है।

# चित्तौड़गढ़ में 2 किलो अफीम ले जाते आरोपी गिरफ्तार:बाइक से मारवाड़ ले जा रहा था; नारकोटिक्स ब्यूरो की कार्रवाई



**24 न्यूज़ अपडेट**

चित्तौड़गढ़ जिले में केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (CBN) की टीम ने नरपतखेड़ी फ्लाईओवर के पास एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को रोककर उसकी बाइक से 2.170 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की है। अफीम के साथ मोटरसाइकिल को भी जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

इस कार्रवाई की जानकारी CBN कोटा के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने दी। उन्होंने बताया कि CBN को एक गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल में अफीम छिपाकर कहीं ले जा रहा है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए CBN चित्तौड़गढ़ सेल की टीम ने योजना बनाकर संदिग्ध मार्ग पर निगरानी शुरू की।

टीम ने जैसे ही संदिग्ध मोटरसाइकिल की पहचान की, उसे रोका गया। तलाशी के दौरान बाइक में छिपाकर रखी गई 2.170 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। इसके बाद आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद अफीम और मोटरसाइकिल को नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सबस्टेंस एक्ट (NDPS Act), 1985 के तहत जब्त कर लिया गया है। पूछताछ में पता चला कि यह अफीम मारवाड़ तक पहुंचाई जानी थी। उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि इस पूरे ऑपरेशन को CBN चित्तौड़गढ़ सेल की टीम ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया। अब आगे की जांच जारी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह अफीम कहां से लाई गई थी और इसका नेटवर्क कितना बड़ा है।

# महिलाओं ने मांडल थाने पर किया प्रदर्शन:गांव से शराब की दुकान हटाने की मांग, बोलीं- शराबियों का लगा रहता है जमावड़ा



**24 न्यूज़ अपडेट**

भीलवाड़ा के लसाड़िया गांव की महिलाओं ने मांडल थाने पर जमकर प्रदर्शन किया। उन्होंने गांव से शराब की दुकान हटाने की मांग की।

लसाड़िया गांव की महिलाएं आज मांडल थाने पहुंची और यहां जमकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने गांव से शराब की दुकान हटाने की मांग की। महिलाओं का कहना है कि शराब की दुकान के बाहर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है जिससे गांव के लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि लिरडीया गांव का एक व्यक्ति आबादी क्षेत्र और स्कूल से मात्र 200 मीटर दूर अवैध रूप से शराब की दुकान चला रहा है।

**देर रात खुली रहती है शराब की दुकान**

बाल महिला विकास सखी सेंटर संचालिका रंजना पुरोहित ने बताया की यह दुकान देर रात 11 से 12 बजे तक खुली रहती है, शराब पीने वाले गालियां देते हैं, ओर गांव की शांति व्यवस्था भी भंग करते हैं। स्कूल के छात्र और महिलाएं इस वजह से खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। महिलाओं के लिए रात के समय घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। शराबी दिन में भी शराब पीकर गालियां बकते हैं

अवैध शराब की दुकान संचालित होने से ईट भट्टों पर मजदूरी करने वाले यूपी बिहार के मजदूर लोग दिन में भी शराब पीकर बिना कपड़ों के पड़े रहते है और गालियां देते रहते है । इससे स्कूली बच्चों और महिलाओं को रस्ते से आने जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

**अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए**

महिलाओं ने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और गांव की महिलाओं और स्टूडेंट्स को राहत दिलाई जाए। वैसे ग्रामीण क्षेत्र में बाहुबलियों द्वारा बिना लाइसेंस की दुकानें संचालित की जा रही है उसके बाद भी आबकारी ओर पुलिस प्रशासन की चुप्पी कई सवालों को खड़ा कर रही हैं।

समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -
desk24newsupdate@gmai.com

# टेकऑफ के 49वें सेकंड में क्रैश, पायलट का आखिरी संदेश: “थ्रस्ट नहीं मिल रहा, नहीं बचेंगे”, मौत का आंकड़ा 275 तक पहुंचा, विमान की टेल से मिला शव, जांच रिपोर्ट 3 महीने में आने की संभावना



24 न्यूज़ अपडेट

अहमदाबाद | एअर इंडिया की फ्लाइट AI-171 गुरुवार को हुए भयावह हादसे में अब तक मृतकों की संख्या 275 तक पहुंच चुकी है। शनिवार को बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के मलबे से एक और शव बरामद होने के बाद यह संख्या बढ़ी है। कहा जा रहा है कि यह शव एक एयर होस्टेस का हो सकता है। हादसे के समय विमान में सवार कुल 242 यात्रियों और क्रू में से 241 की मौत हो चुकी है, केवल एक यात्री की जान बची है। इसके अलावा, हादसे की चपेट में आए हॉस्टल में 34 लोगों की जान गई—जिनमें 5 डॉक्टर और 31 स्टाफ सदस्य शामिल हैं।

## केंद्रीय मंत्री ने दिए बयान, जांच समिति गठित

शनिवार को सिविल एविएशन मिनिस्टर के. राममोहन नायडू ने अहमदाबाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि हादसे की जांच पहले दिन से जारी है। जांच का नेतृत्व केंद्रीय गृह सचिव कर रहे हैं, जिसमें DGCA और IB के अधिकारी भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, “ब्लैक बॉक्स शुक्रवार शाम 5 बजे बरामद हो गया है, इससे हादसे के तकनीकी कारणों का पता चलेगा। 3 महीने के भीतर जांच रिपोर्ट सौंप दी जाएगी।” एयरपोर्ट से महज 2 किमी दूर हादसा हुआ। पायलट सुमित सभरवाल ने आखिरी क्षणों में ATC को “मेडे, मेडे...” कहते हुए बताया कि विमान को थ्रस्ट नहीं मिल रहा और पावर डाउन हो रहा है। टेकऑफ के केवल 49वें सेकंड में विमान नीचे गिर गया, जिससे हॉस्टल की इमारत क्षतिग्रस्त हो गई।

## DNA सैंपलिंग और पोस्टमॉर्टम का कार्य जारी

सिविल अस्पताल में अब तक 270 से अधिक शवों का पोस्टमॉर्टम हो चुका है और 230 मृतकों की DNA सैंपलिंग की जा चुकी है। अस्पताल परिसर में भारी सुरक्षा तैनात है और आमजन की आवाजाही पर रोक है। अब तक केवल 8 शवों की शिनाख्त की गई है। परिजन अस्पताल के बाहर इंतजार कर रहे हैं, जहां संवेदनाओं का सैलाब उमड़ा हुआ है।

## पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की भी मौत की पुष्टि

इस हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की भी मृत्यु की पुष्टि हुई है। भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह चुडासमा ने बताया कि रूपाणी का अंतिम संस्कार राजकोट में किया जाएगा, जो उनके DNA सैंपल के मिलान के बाद तय होगा। बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल को खाली कराया जा रहा है। छात्रों को कैंसर अस्पताल भवन में स्थानांतरित किया गया है। एअर इंडिया ने फ्लाइट नंबर AI-171 को स्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है। अब यह रूट फ्लाइट नंबर AI-159 से संचालित होगा। IMA (इंडियन मडिकल एसोसिएशन) ने टाटा समूह से मृत और घायल छात्रों के लिए आर्थिक सहायता की अपील की है। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष सिंघवी ने बताया कि DNA मिलान को फास्ट ट्रैक करने के लिए FSL को केंद्र की सहायता प्राप्त हो रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अहमदाबाद के लिए रवाना हुए हैं। वहीं, गुजरात के गृह मंत्री घटनास्थल पर पहुंचे।

# दौसा पुलिस की बड़ी कामयाबी: 65 लाख की डकैती का मुख्य आरोपी विनोद पथैना उर्फ पहलवान गिरफ्तार



24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर 14 जून। दौसा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए, मानपुर में हुई 65 लाख रुपये की सनसनीखेज डकैती के मास्टरमाइंड विनोद सिंह उर्फ विनोद पथैना पुत्र तेज सिंह जाट निवासी बिहारी जी के मंदिर के पास पथैना जिला भरतपुर को दबोच लिया है। यह गिरफ्तारी जयपुर-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर महवा के पास की गई। विनोद पथैना पर 21 हजार रुपये का इनाम घोषित था और वह कई गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित था।

एसपी सागर राणा ने बताया कि 65 लाख की लूट का यह मामला 11 जनवरी, 2025 का है, जब मानपुर थाने में पीड़ित व्यापारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसकी श्री यमुनाजी कंस्ट्रक्शन फर्म का ड्राइवर बलवीर सिंह और मुनीम विजय सिंह जयपुर में जमीन खरीदने के लिए 65 लाख रुपये नकद लेकर जा रहे थे। मानपुर में पुलिया के आगे एक सफेद रंग की चार पहिया गाड़ी ने उनकी गाड़ी को रोका। अपराधियों ने जबरदस्ती उनकी गाड़ी में घुसकर तमंचे के बल पर ड्राइवर और मुनीम को नीचे पटक दिया और पूरी गाड़ी जिसमें 65 लाख रुपये रखे थे छीनकर फरार हो गए।

## साइबर सेल की अहम भूमिका

घटना की गंभीरता को देखते हुए दौसा एसपी सागर राणा ने इस मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। मुख्य आरोपी विनोद पथैना को पकड़ने के लिए साइबर सेल प्रभारी प्रेमनारायण शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें कांस्टेबल जगमाल सिंह को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई। फरार होने के बाद विनोद पथैना ने अपने सभी संपर्क तोड़ दिए थे, जिससे उसे ट्रेस करना एक बड़ी चुनौती थी।

कांस्टेबल जगमाल सिंह ने अपनी बुद्धिमत्ता और अथक परिश्रम का परिचय देते हुए विभिन्न ओपन सोर्स, पारंपरिक पुलिसिंग के तरीकों, गोपनीय सूचनाओं और आधुनिक तकनीकी संसाधनों का कुशलता से उपयोग किया। उन्होंने विनोद पथैना की हर गतिविधि पर बारीक नजर रखी, उसके निजी वाहन, आने-जाने के ठिकानों और यहां तक कि उसके अस्थायी निवासों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई। उनके अद्वितीय डेटा विश्लेषण कौशल से अपराधी द्वारा उपयोग किए जा रहे वाहन का पता चला, जो गिरफ्तारी में मील का पत्थर साबित हुआ।

## सुनियोजित ऑपरेशन और गिरफ्तारी

संपूर्ण रेकी और तकनीकी विश्लेषण के बाद एसपी राणा ने एसएचओ बांदीकुई जहीर अब्बास, एसपी मेहंदीपुर बालाजी गौरव प्रधान एवं साइबर सेल प्रभारी एएसआई प्रेमनारायण और प्रभारी डीएसटी हेड कांस्टेबल प्रदीप राव की एक संयुक्त विशेष टीम का गठन किया।

एसएचओ जहीर अब्बास के कुशल नेतृत्व में इस टीम ने मथुरा, वृंदावन, महवा और भरतपुर के विभिन्न क्षेत्रों में गहन तलाशी अभियान चलाया। आखिरकार टीम को जयपुर-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर महवा के पास विनोद सिंह उर्फ विनोद पथैना उर्फ पहलवान को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। गिरफ्तारी के समय उसके पास से दो रिवाल्वर, एक पिस्टल और विभिन्न बोर के 257 जिंदा कारतूस का जखीरा एवं एक क्रेटा कार, मोबाइल व डोंगल बरामद हुआ, जो उसकी खतरनाक प्रवृत्ति को दर्शाता है।

## आपराधिक इतिहास और आगे की कार्रवाई

गिरफ्तार अभियुक्त विनोद सिंह उर्फ विनोद पथैना उर्फ पहलवान का एक लंबा आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ भरतपुर, मथुरा, अलीगढ़ और जयपुर सहित विभिन्न थानों में हत्या, लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट और अपहरण जैसे 18 से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं। इस गिरफ्तारी से न केवल 65 लाख रुपये की डकैती का मामला सुलझ गया है बल्कि दौसा और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय अन्य संगठित आपराधिक गिरोहों पर भी नकेल कसी जा सकेगी।

# अलवर पुलिस का साइबर ठगों पर अटैक: 12 गिरफ्तार, 2 बाल अपचारी निरुद्ध, करोड़ों की धोखाधड़ी का खुलासा



24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर 14 जून। राजस्थान के अलवर जिले में साइबर अपराधों के खिलाफ एक अभूतपूर्व अभियान में पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी में लिप्त एक विशाल नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए 12 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि 2 बाल अपचारियों को भी निरुद्ध किया गया है। इस दौरान पुलिस ने साइबर ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे 13 अत्याधुनिक मोबाइल मय सिम के बरामद किए हैं।

एसपी संजीव नैन ने बताया कि यह व्यापक कार्रवाई जिले में बढ़ती ऑनलाइन ठगी, सेक्सटॉर्शन और ओएलएक्स फ्रॉड जैसी गंभीर घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखते हुए एक विशेष रणनीति तैयार की गई थी। इस रणनीति के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजपाल सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. प्रियंका और साइबर थाना प्रभारी शालिनी बजाज के नेतृत्व में कई विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया।

इन टीमों ने साइबर फ्रॉड से सर्वाधिक प्रभावित गांवों में गुप्त सूचनाओं और तकनीकी निगरानी के आधार पर सुनियोजित दबिशें दीं।

## नौगावां में ‘पेन-पेंसिल’ फ्रॉड का पर्दाफाश:

थाना नौगावां एसएचओ भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने एक ऐसे बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया जो ‘नटराज पेन पेंसिल’ का आकर्षक विज्ञापन देकर भोले-भाले युवाओं को नौकरी दिलाने का झांसा दे रहा था। इस गिरोह के सदस्य विभिन्न मोबाइल नंबरों और व्हाट्सएप पर चैट के माध्यम से पीड़ितों से संपर्क स्थापित करते थे और नौकरी के नाम पर लाखों रुपये की ऑनलाइन ठगी को अंजाम देते थे।

तकनीकी विश्लेषण और व्हाट्सएप चैट से प्राप्त सबूतों के आधार पर नौगावां पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर दो बाल अपचारियों को निरुध्द किया है।

गिरफ्तार आरोपियों में संजय कुमार ओड पुत्र ओमप्रकाश (35), जीत कुमार ओड पुत्र बिशनलाल (37) निवासी नाखनोल, निजामुदीन मेव पुत्र ईमरत खान (29) निवासी कलसावडा बास, जमशेद मेव पुत्र हारून (28) निवासी सल्लीडबास तन पाटा, जमशेद मेव पुत्र दीनू खान (33) निवासी तेलियाबास, साकिर मेव पुत्र सद्दीक (30) निवासी कलसावडा बास, वकार यूनुस उर्फ मौहम्मद वकार मेव पुत्र उस्मान खान (21) निवासी बाडी बास नीकच थाना नौगावां जिला अलवर एवं रासिद मेव पुत्र सरूप (30) व साहिल मेव पुत्र हाकम (21) निवासी पीरूका थाना गोपालगढ जिला डीग है।


पुलिस ने इस गिरोह से 11 एंड्रॉइड मोबाइल फोन और सिम कार्ड भी बरामद किए हैं।

## पुराने सिक्के खरीदने की धोखाधड़ी का खुलासा :

उधर थाना गोविंदगढ़ के उप-निरीक्षक बनेसिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम का इस्तेमाल कर महंगे दामों पर पुराने सिक्के खरीदने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। ये ठग पीड़ितों को नगद भुगतान का लालच देते थे और ‘फाइल चार्ज’ या अन्य बहाने से पैसे डलवाकर ऑनलाइन ठगी करते थे।

गोविंदगढ़ पुलिस ने इस मामले में 3 आरोपियों साबिर खां पुत्र मुबीन खां मेव (21) निवासी ईन्दपुर व तौसिफ खां पुत्र साबुदीन मेव (19) निवासी हरसोली थाना गोविन्दगढ जिला अलवर एवं साहिल खां पुत्र हाकमदीन मेव (22) निवासी बास बुर्जा थाना सीकरी जिला डीग को गिरफ्तार किया है। इनसे 02 एंड्रॉइड मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किए गए हैं।

# बाउंड्री पर कैच के नियम में बड़ा बदलाव: अब हवा में एक बार ही उछाल सकेंगे गेंद, ICC अगले महीने से करेगा लागू



24 न्यूज़ अपडेट

नई दिल्ली। क्रिकेट के नियमों में बड़ा बदलाव हुआ है। मेरीलेबोन क्रिकेट क्लब (MCC) ने बाउंड्री पर कैच पकड़ने को लेकर नया नियम जारी किया है, जिसे अक्टूबर 2026 से आधिकारिक रूप से MCC के कानूनों में शामिल किया जाएगा। वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) इस नियम को 17 जून 2025 से लागू कर रही है। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज़ से यह नया नियम प्रभावी हो जाएगा।

## क्या है नया नियम?

बाउंड्री पर कैच पकड़ने के लिए खिलाड़ी अब गेंद को सिर्फ एक बार ही हवा में उछाल सकेंगे। यदि कोई खिलाड़ी बाउंड्री के बाहर जाकर गेंद को दो बार हवा में उछालता है और फिर कैच लेता है, तो उसे अब वैध कैच नहीं माना जाएगा। MCC के अनुसार, यह बदलाव खेल की न्यायप्रियता और स्पष्टता को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

दो महत्वपूर्ण शर्तें जो अब लागू होंगी

पहली स्थिति: अगर कोई खिलाड़ी बाउंड्री के अंदर से गेंद को हवा में उछालता है, फिर बाउंड्री पार करके दोबारा हवा में गेंद को उछालता है और अंत में वापस आकर कैच पकड़ता है — तो अब इसे कैच नहीं माना जाएगा। बल्लेबाज़ को रन मिलेगा।

दूसरी स्थिति: यदि कोई खिलाड़ी बाउंड्री के बाहर हवा में छलांग लगाकर गेंद को मैदान के अंदर फेंकता है और उसका कोई साथी कैच लेता है, तो यह तभी मान्य होगा जब गेंद फेंकने वाला खिलाड़ी खुद भी बाउंड्री के अंदर वापस आए।

## पिछले उदाहरण जिनसे इस बदलाव की प्रेरणा मिली

1. माइकल नेसेर का विवादित कैच (BBL 2023)
2023 की बिग बैश लीग (BBL) में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी माइकल नेसेर ने ऐसा ही एक कैच लिया था, जिसमें उन्होंने गेंद को कई बार हवा में उछाला और अंत में बाउंड्री के अंदर आकर कैच पकड़ा। यह नियमों के अनुसार था, लेकिन दर्शकों और विशेषज्ञों ने इसे खेल की भावना के विपरीत बताया। इसी विवाद के बाद ICC ने MCC से इस नियम की समीक्षा करने को कहा था।

2. मैथ्यू वेड का आउट (BBL 2020)
2020 में हॉबर्ट हरिकेंस और ब्रिसबेन हीट के बीच हुए मैच में मैथ्यू वेड के बाउंड्री पर कैच आउट को लेकर विवाद हुआ था। ब्रिसबेन हीट के मैट रैनशॉ ने बाउंड्री के बाहर से गेंद को अंदर फेंका, जिसे टॉम बंटन ने कैच किया। हालांकि रैनशॉ का शरीर बाउंड्री के बाहर गिरा था, फिर भी थर्ड अंपायर ने वेड को आउट करार दिया। इस पर भी सवाल उठे थे।

## MCC के दो और नियमों में बदलाव

1. वनडे में दो नई गेंदों के इस्तेमाल का नया नियम
पहले 50 ओवर में दो नई गेंदों का इस्तेमाल होता था – एक हर छोर से। अब 34 ओवर तक दोनों छोर से अलग-अलग गेंदों का प्रयोग किया जाएगा। 35 से 50 ओवर के बीच फील्डिंग टीम दोनों में से एक गेंद का चयन कर उसी से गेंदबाज़ी करेगी। अगर मैच 25 ओवर से कम का होता है, तो एक ही गेंद का इस्तेमाल होगा।

2. कन्कशन सब्स्टीट्यूट (सिर की चोट के बाद रिप्लेसमेंट)
अब टीमों को मैच से पहले ही पांच संभावित कन्कशन रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों के नाम देने होंगे। इनमें एक विकेटकीपर, एक बल्लेबाज, एक तेज गेंदबाज, एक स्पिनर और एक ऑलराउंडर अनिवार्य होगा। पहले नियम के तहत रिप्लेसमेंट मौके पर तय किया जाता था।

## नए नियम कब से होंगे लागू?

बाउंड्री कैच और कन्कशन सब्स्टीट्यूट वाला नया नियम 17 जून 2025 से लागू होगा। दो नई गेंदों वाला नियम 2 जुलाई 2025 से श्रीलंका-बांग्लादेश वनडे सीरीज़ से लागू होगा। MCC अक्टूबर 2026 से अपने कानूनों में इस नियम को औपचारिक रूप से शामिल करेगा।

# सेनापति कैटरिंग गोदाम पर हमला: सात उपद्रवी दबोचे, प्रतापगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई




24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर, 14 जून। प्रतापगढ़ पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए सेनापति कैटरिंग गोदाम में घुसकर स्टाफ के साथ मारपीट करने के मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसपी विनीत कुमार बंसल के वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत की गई।

एसपी बंसल ने बताया कि यह सनसनीखेज घटना 6 जून, 2025 की रात को घटी। पीड़ित किशन मीणा ने 7 जून को दर्ज कराई गई अपनी रिपोर्ट में बताया कि वह चंद्रप्रभु मांगलिक भवन से नीमच रोड स्थित सेनापति गोदाम जा रहा था। इसी दौरान नीमच रोड पर दो युवकों ने शराब के नशे में उसे रोककर मारपीट की। किसी तरह बचकर वह गोदाम पहुंचा, लेकिन देर रात करीब 12 बजे 8-10 लड़कों का एक गिरोह गोदाम में घुस आया। बदमाशो में मेरे व अन्य स्टाफ के साथ बेरहमी से मारपीट की। इस हमले में स्टाफ लक्ष्मण के सिर में गंभीर चोटें आईं, वहीं सुरक्षा गार्ड बसंतीलाल शर्मा भी घायल हुए। इस रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए थानाधिकारी दीपक बंजारा ने तत्काल एसपी बंसल को अवगत कराया। जिनके निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने गुप्त सूचनाएं एकत्रित कीं और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की गहनता से पड़ताल की। सीसीटीवी फुटेज ने वारदात को अंजाम देने वालों की पहचान में अहम भूमिका निभाई।

फुटेज के आधार पर पुलिस टीम ने सात अभियुक्तों को हिरासत में लिया। उनसे मनोवैज्ञानिक तरीके से की गई। पूछताछ में सभी अभियुक्तों ने 6 जून, को नीमच रोड और सेनापति कैटरिंग गोदाम में किशन व स्टाफ के साथ मारपीट करने की बात कबूल कर ली। इसके बाद सभी को गिरफ्तार कर लिया गया।

## ये हैं गिरफ्तार आरोपी

गिरफ्तार अभियुक्तों में विकास मीणा (18) पुत्र नारायण निवासी बसाड़ थाना प्रतापगढ़, अभिषेक गिरी (18) पुत्र अशोक, योगेश (20) पुत्र समरथ निवासी सेमली थाना हथुनिया, संतोष मीणा (20) पुत्र तुलसीराम, पिन्टु मीणा (19) पुत्र शांतिलाल, दीपक मीणा (20) पुत्र शांतिलाल और शेखर मीणा (19) पुत्र घनश्याम निवासी मालीखेड़ा थाना प्रतापगढ़ शामिल हैं।

इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में थानाधिकारी दीपक बंजारा सहित एएसआई ऊंकार लाल, प्रतापसिंह, हेड कांस्टेबल राहुल, कांस्टेबल सोनू, प्रभुलाल, मानसिंह, युगराज, रमेश और राजवीर शामिल थे। प्रतापगढ़ पुलिस की यह तत्परता और प्रभावी कार्रवाई अपराध पर नियंत्रण के प्रति उनके संकल्प को दर्शाती है।

# नगर निगम ग्रेटर मेयर का इजराइल दौरा कैंसिल हुआ:बोलीं- अहमदाबाद में हुई घटना के कारण जाना निरस्त किया; हकीकत- युद्ध के कारण कैंसिल हुआ

24 न्यूज़ अपडेट

जयपुर नगर निगम ग्रेटर मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर का एक बयान इन दिनों चर्चा का विषय बन गया है। अपने इजराइल के दौरे को निरस्त करने का कारण उन्होंने अहमदाबाद में हुई एयरप्लेन क्रैश की घटना को बताया। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना के कारण वह अब इजराइल का दौरा निरस्त कर रही हैं। जबकि सच्चाई ये है कि ये दौरा इजराइल सरकार की ओर से ही निरस्त किया गया है।

दरअसल, इजराइल में मुनि वर्ल्ड म्युनिसिपल कॉन्फ्रेंस-2025 का 16 से 20 जून तक कार्यक्रम प्रस्तावित था। इस कार्यक्रम में जयपुर नगर निगम ग्रेटर, इंदौर, सूरत समेत कुल 5 शहरों के मेयर को निमंत्रण दिया था। जयपुर मेयर ने इस ट्यूर पर जाने के लिए राज्य सरकार से पिछले दिनों अनुमति भी ली थी। लेकिन 13 जून को रात को इजराइल की ओर से ईरान पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद से वहां माहौल तनावपूर्ण हो गया। ईरान-इजराइल के बीच शुरू हुए युद्ध को देखते हुए इजराइल की सरकार ने सुरक्षा ध्यान में रखते हुए कॉन्फ्रेंस को निरस्त करते हुए इसकी सूचना सभी को भिजवा दी।लेकिन जयपुर मेयर ने अपने इजराइल के दौरे को अहमदाबाद में हुई घटना का कारण बताते हुए निरस्त करने की घोषणा करवा दी। हकीकत ये है कि इजराइल दूतावास से कार्यक्रम निरस्त करने की सूचना कल सभी शहरों के मेयर को ई-मेल के जरिए भेज दी थी। मेयर के इस घोषणा से नगर निगम के गलियारों में चर्चा शुरू हो गई। अहमदाबाद हादसे पर दुख जताने के नाम पर राजनीति करने की चर्चा सबसे ज्यादा है। लोगों में चर्चा है कि जब कल ही सभी शहरों में इस दौरे की सूचना एंबेसी से आ गई थी तो मेयर ने फिर इस तरह की घोषणा क्यों की?

# यादें मुस्कुराईं, आंखें नम हुईं : ज्ञान मंदिर के स्थापना दिवस पर बीते लम्हों की छांव में जुटे ज्ञान मंदिर के सितारे, रक्तदान से सेवा, स्मृतियों से स्नेह ने बनाया 59वें स्थापना दिवस को अविस्मरणीय, देश-विदेश से आए पूर्व छात्र, बोले-स्कूल में बसती है हमारी आत्मा





**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। ज्ञान मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-4 में शुक्रवार को पूर्व छात्र परिषद स्वयं के कार्यक्रम में मानों वक्त थम गया, और यादें बोल उठीं। अवसर था स्कूल के 59वें स्थापना दिवस का, जिसे ज्ञान मंदिर पूर्व छात्र परिषद 'स्वयं' ने न सिर्फ सेवा और स्मृतियों के संकल्प से मनाया, बल्कि एक ऐसा मंच रचा जिसमें रक्तदान, स्मृतिचिंतन, भावनाओं की बौछार और स्कूल विकास का वचन और विजन सब कुछ शामिल था। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह संस्थापक बड़े भाई साहब सादगी के प्रतीक टीकमचंदजी असावरा के नेतृत्व में हुआ। स्वयं परिषद की ओर से रक्तदान शिविर में उत्साह की बूँदें रक्त की बूँदों में तब्दील हुईं। मुख्य अतिथि रवीन्द्रपाल सिंह कप्पू और आरसी देवेंद्र की उपस्थिति में एमबी अस्पताल की टीम ने रक्त संग्रहण किया। सभी रक्तदाताओं को उपरणा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। रक्तदान के दौरान उत्साह व उमंग ऐसी रही कि 59 पूर्व छात्रों ने अलग-अलग रक्त समूहों का रक्तदान कर अपना संकल्प और प्रतिबद्धता जाहिर की। स्वयं के जो साथी रक्तदान में नहीं आ सके, उन्होंने अगली बार रक्तदान का संकल्प किया। स्कूल के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर विद्यालय भवन को ऐसी आकर्षक विद्युत सज्जा से रोशन किया किया देखने वालों क आंखें ठहर गईं। उत्सव की भावना और स्कूल की संस्कार के आभामंडल ने इसमें और अधिक चार चांद लगा दिए। दोपहर में 'अपनों से अपनी बात' कार्यक्रम के दौरान माहौल और भी भावुक हो गया। पूर्व छात्रों ने खुलकर मन की बात साझा की, बीते पलों की मधुर स्मृतियों को छूते हुए सबकी आंखें भर आईं। डॉ. प्रशांत अग्रवाल और डॉ. कमल किशोर पोरवाल जैसे वरिष्ठ पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव सुनाए, स्कूल के बदलते स्वरूप के बीच अटल जीवन मूल्यों की सराहना की। पूर्व छात्रों ने कहा कि वे दुनिया में कहीं भी चले जाएं, किसी भी उपलब्धि को हासिल कर लें मगर अपने स्कूल के लिए वे हमेशा बच्चे ही रहेंगे। ज्ञान मंदिर के संस्कारों की अमिट छाप और जीवन मूल्यों की विरासत आज बरसों बाद भी उनके जीवन को पुष्पित व पल्लवित कर रही है। इस अवसर पर 1994 बैच की ओर से स्कूल परिसर में नवनिर्मित वॉशरूम का उद्घाटन भी किया गया। नरेंद्र आमेटा ने बताया कि यह सत्र बेहद आत्मीय रहा जिसमें स्कूल को प्रमोट करने और उसकी भौतिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में गहन चर्चा की गई। शाम 5 से 7 बजे तक सांस्कृतिक संध्या ने यादों को सुरों में पिरोया। मंच पर मुख्य अतिथि ज्ञान मंदिर समिति के अध्यक्ष श्यामसुंदर शर्मा मौजूद रहे। डॉ. ज्योत्सना शर्मा इंद्रेश ने विशिष्ट अतिथि पद की शोभा बढ़ाई। ज्योत्सना दीदी का स्वयं कार्यकारिणी की ओर से विशेष सम्मान भी किया गया। सम्मानित अतिथि पूर्व छात्र मनीष गांगा का भी सम्मान किया गया। प्रमोद झंवर भी अतिथि के रूप में मौजूद थे।

कार्यक्रमों का संचालन डॉ. कुंजन आचार्य ने किया, जबकि प्रिंसिपल लीला पालीवाल ने विद्यालय की प्रगति और परिणामों की जानकारी साझा की। आशा वडेरा दीदी ने सभी का आभार व्यक्त किया। सभी गुरूजनों हंसा दीदी, गोपालजी गुरूजी, चंद्रकला पोखरना दीदी सहित अन्य शिक्षकगण मंच पर मौजूद थे। हर किसी की आंखों में अपने छात्रों की सफलता देख गर्व और स्नेह की चमक थी। विदेश में बसे पूर्व छात्रों के लिए लाइव लिंक के ज़रिये कार्यक्रम से जुड़ने की व्यवस्था की गई थी। निरंजन आमेटा, ओमप्रकाश दूबे और प्रवीण अग्रवाल ने इस डिजिटल प्रयास की कमान संभाली। अमेरिका, कनाडा, यूरोप, खाड़ी देशों और ऑस्ट्रेलिया से जुड़े स्कूल के पूर्व छात्रों ने न केवल कार्यक्रम देखा, बल्कि लाइव कमेंट्स में ऐसी भागीदारी की मानों सब यहीं उपस्थित हों। कार्यक्रम का अंत स्नेहभोज से हुआ। पूरे आयोजन में कोई भी प्रायोजक नहीं था । आयोजन पूर्णतः पूर्व छात्रों के समर्पण और संसाधनों से साकार हुआ। आपको याद दिला दें कि इससे पूर्व 31 मई को कॅरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया था, जिसमें 10वीं से 12वीं तक के पासआउट छात्रों ने भाग लिया और प्रोफेशनल्स से मार्गदर्शन प्राप्त किया। स्वयं के शुक्रवार को हुए कार्यक्रम में देशभर से करीब 350 पूर्व छात्र शामिल हुए, जिनमें कई मुंबई, पुणे, अहमदाबाद जैसे महानगरों से आए। कार्यक्रम का समापन अगले वर्ष हीरक जयंती को धूमधाम से मनाने के संकल्प के साथ हुआ, जिसमें स्कूल को अधिक आकर्षक, सुसज्जित और सुविधायुक्त बनाने का वादा किया गया।

# उदयपुर सर्राफा बाजार : सोने-चांदी की कीमतों में तेजी का सिलसिला जारी



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार शनिवार को उदयपुर सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में तेजी दर्ज की गई। सोने का भाव लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ एक बार फिर 1 लाख के पार पहुंच गया है। वहीं, चांदी की कीमत में भी वृद्धि देखी गई। शनिवार को चांदी टंच (प्रति किलोग्राम) का भाव 1,06,000 और चांदी चौरसा का भाव 1,05,000 दर्ज किया गया। पिछले दिन की तुलना में चांदी की कीमत में 500 प्रति किलोग्राम का इजाफा हुआ। सर्राफा कारोबारियों के अनुसार चांदी की मांग में वृद्धि के चलते दामों में यह तेजी आई है। इसी तरह, सोना स्टैंडर्ड (999 शुद्धता) का भाव 1,02,000 प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया। वहीं सोना जेवराती (23 कैरेट) 97,920 और सोना (22 कैरेट) 93,840 प्रति 10 ग्राम रहा। शुक्रवार की तुलना में सोने की कीमत में प्रति 10 ग्राम 1,500 की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

# शांतिनाथ जिनालय सेक्टर-3 में हर्षोल्लास से चढ़ाई गई 26वीं ध्वजा



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। शांतिनाथ जैन संघ हिरणमगरी सेक्टर-3 में शनिवार को श्री शांतिनाथ जिनालय की 26वीं ध्वजा बड़े हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव के साथ चढ़ाई गई। आयोजन जैनाचार्य श्रीमद् विजय रत्नसेन सूरीश्वरजी महाराज, पंन्यास प्रवर निरागरत्न विजय, साध्वी कीर्तिरेखा श्रीजी महाराज सहित 33 साधु-साध्वियों की शुभ निश्रा में संपन्न हुआ। कोषाध्यक्ष राजेश जावरिया ने बताया कि इस वर्ष के ध्वजारोहण का लाभ जीवनलाल एवं नवीन कुमार कंठालिया परिवार ने लिया। ध्वजा कंठालिया परिवार के गृहांगण से गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। इस अवसर पर जैनाचार्य श्री ने अपने उपदेश में कहा कि संसार में संघर्ष और समस्याओं से घिरा मानव यदि परम शांति की चाहना रखता है तो उसे श्री शांतिनाथ प्रभु की भक्ति करनी चाहिए। प्रभु की उपासना विघ्नों का क्षय कर मन में शांति और जीवन में समाधि प्रदान करती है। ध्वजा यात्रा के महावीर भवन पहुंचने पर सत्रह भेटी पूजा का आयोजन हुआ, जिसमें अहमदाबाद से आए भजन सम्राट मीत शाह ने भक्ति संगीत की प्रस्तुतियों से सभी श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। शुभ मुहूर्त में प्रातः 10.20 बजे कंठालिया परिवार ने मंदिर शिखर पर ध्वजा चढ़ाई। इसके पश्चात गुरु भगवंत द्वारा शांति स्तोत्र का श्रवण करवाया गया। कोषाध्यक्ष जावरिया ने बताया कि आगामी वर्ष की ध्वजा का चढ़ावा 1.80 लाख में चंचलबेन भवरलाल पोरवाल परिवार द्वारा लिया गया। इस अवसर पर जैन श्रावक समिति अध्यक्ष आनन्दीलाल बम्बोरिया, भूपाल सिंह दलाल, जीवन सिंह कंठालिया सहित संघ के समस्त कार्यकारिणी सदस्य व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# RAS-2024 परीक्षा आगे नहीं खिसकी, एडमिट कार्ड जारीः अभ्यर्थियों में रोष, कृषि मंत्री के घर पहुंचे



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर | राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS)-2024 मुख्य परीक्षा की तारीख आगे नहीं बढ़ाने को लेकर अभ्यर्थियों में गहरा आक्रोश है। शनिवार को परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी होते ही बड़ी संख्या में अभ्यर्थी कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के निवास पहुंचे और परीक्षा की तारीख टालने की मांग की। राजस्थान यूनिवर्सिटी परिसर में चल रहे धरने और अनशन में अब तक 32 से अधिक छात्रों की तबीयत बिगड़ चुकी है। इनमें से 24 को सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है।

## सीएमओ में वार्ता की तैयारी

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने प्रदर्शनकारियों से मुलाकात कर पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री कार्यालय ले जाकर परीक्षा की तारीख को लेकर वार्ता कराने का आश्वासन दिया है। बताया गया है कि अभ्यर्थी मई माह से ही विधायकों और मंत्रियों से मिलकर परीक्षा की तारीख आगे बढ़वाने की मांग कर रहे हैं। 1 और 2 जून को छात्र प्रतिनिधिमंडल बीजेपी मुख्यालय भी पहुंचा था। यहां पदाधिकारियों को विधायकों और मंत्रियों के समर्थन पत्र सौंपे गए। 5 जून से अभ्यर्थी यूनिवर्सिटी परिसर में अनशन कर रहे हैं। अब तक कई छात्र बीमार होकर अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं।

## 17-18 जून को ही होगी परीक्षा

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने साफ कर दिया है कि RAS-2024 मुख्य परीक्षा 17 और 18 जून को ही आयोजित होगी। अभ्यर्थियों का कहना है कि RAS-2023 की भर्ती प्रक्रिया अब तक जारी है और उसके इंटरव्यू चरण में कई वही अभ्यर्थी शामिल हैं, जिन्हें 2024 की मुख्य परीक्षा भी देनी है। इससे छात्रों को पर्याप्त समय नहीं मिल रहा। सियासी समर्थन और बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष पर नाराजगी कांग्रेस, RLP और कई अन्य दलों के नेता छात्रों के समर्थन में उतर चुके हैं। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ भी 10 जून को छात्रों के बीच पहुंचे थे और अनशन तुड़वाकर समाधान का भरोसा दिया था। प्रदर्शनकारी छात्र अभिषेक ने आरोप लगाया कि "अगर मदन राठौड़ ने झूठा वादा किया है तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। अमर जवान ज्योति जैसी पवित्र जगह पर आकर झूठा भरोसा दिलाना शर्मनाक है।"

# सम्मान समारोह और जयकारों के साथ हुई भागवत कथा की पूर्णाहुति



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। शहर के मंशापूर्ण गजानंद मंदिर परिसर, महाराणा प्रताप कॉलोनी, गवरी चौक, सेक्टर-13 में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा की सात दिवसीय यात्रा शुक्रवार को पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न हुई। पुष्कर दास महाराज के सान्निध्य में चल रही इस कथा के अंतिम दिन भक्ति, भजन और जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। पूर्णाहुति अवसर पर कथा व्यास पुष्कर दास महाराज ने कहा कि जब तक मनुष्य सत्संग में नहीं बैठेगा, तब तक सत्कर्म की विधि का ज्ञान नहीं हो सकता। भक्ति करने वाले के पीछे-पीछे ईश्वर भी चल पड़ते हैं। उन्होंने श्रीराम और श्रीकृष्ण के संघर्षमय जीवन प्रसंगों को सुनाते हुए कहा कि दोनों ने धर्म और मर्यादा का पालन करते हुए आदर्श प्रस्तुत किए हैं। कथा में रासलीला और रुक्मणी विवाह का भावपूर्ण वर्णन किया गया। भगवान कृष्ण द्वारा रुक्मणी का हरण कर विवाह रचाने का प्रसंग सुनते ही श्रद्धालु भावविभोर हो गए। वहीं, सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि द्वारकाधीश ने अपने गरीब मित्र सुदामा का बड़े प्रेम से स्वागत किया और रुक्मणी जी के साथ उनके चरण प्रक्षालन किए।कथा के अंतिम दिन पूरे परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सभी भक्तों ने कथा श्रवण का लाभ उठाया और महाआरती में भाग लिया। जय श्रीकृष्ण और जय द्वारकाधीश के जयकारों से मंदिर प्रांगण गूंज उठा। पूर्णाहुति अवसर पर महाराणा प्रताप विकास समिति की ओर से कथा व्यास पुष्कर दास महाराज का भव्य सम्मान किया गया। समिति के किशन सिंह राठौड़, टीकम सिंह राव, पुजारी चंपालाल चतुर्वेदी, मनोहर सिंह, हिम्मत सिंह, शंकर सिंह, नरपत सिंह, मदन सिंह, ओंकार कुमावत, शिवदान सिंह सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर के नेतृत्व में जिला प्रशासन की ओर से गंगू कुंड पर श्रमदान



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 14 जून। गंगू कुंड पर शनिवार प्रातःकाल विशेष चहल-पहल रही। जिले का प्रशासनिक कार्य करने वाले आला अधिकारियों के हाथ में बड़े-बड़े झाड़ू और साफ-सफाई के अन्य औजार थे। सभी ने जब झाडु बुहारना प्रारम्भ किया तो वहां उपस्थित आमजन भी उनके साथ जुट गए। अवसर था वंदे भारत जल संरक्षण जन अभियान के तहत जिला प्रशासन की ओर से आयोजित गंगू कुंड पर श्रमदान का। जिला कलक्टर नमित मेहता ने कार्यक्रम की कमान स्वयं सम्भाली और अधीनस्थ अधिकारियों के लिए प्रेरणा बने। देखते ही देखते जिसे जहां कचरा और गंदगी दिखाई दी वह उसे साफ करने में जुट गया। कुंड के आस-पास स्थित छतरियों के बीच अटी-पड़ी गंदगी, दीवारों में उग आए पीपल के पौधे व झाड़ियां, कंकड़-पत्थर, कीचड़, गाद निकालने का कार्य किया जाने लगा। उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं अन्य लोग जिला कलक्टर के कंधे से कंधा मिलाकर श्रमदान में जुट गए। करीब डेढ़ घंटे चले श्रमदान के दौरान सभी के माथे पर पसीनें की बूंदें टपक रही थीं लेकिन चेहरे पर उत्साह व अभियान में सहभागिता की संतुष्टि झलक रही थी। श्रमदान से परिसर से निकले कचरे को इकट्ठा कर निगम के कंटेनर्स में भरकर वहां से ले जाया गया। अभियान के तहत गंगू कुंड परिसर में जिला कलक्टर ने आम का पौधा भी रोपा।

## श्रद्धालु लें नियमित सफाई की जिम्मेदारी

गंगू कुंड परिसर स्थित मंदिरों के पुजारियों ने जिला कलक्टर को अवगत कराया कि पूजा-पाठ एवं अन्य अनुष्ठानों के लिए आने वाले लोग परिसर में कचरा छोड़ जाते हैं। टोकने पर कुछ लोग कचरे का निस्तारण कर देते हैं लेकिन अधिकांश अनसुना कर देते हैं। इस पर जिला कलक्टर ने पुजारियों से कहा कि यहां नियमित आने वाले श्रद्धालुओं की एक टीम तैयार करें जो स्वेच्छा से परिसर को साफ रखने का बीड़ा उठाए। यहां आने वालों को अनुष्ठान पश्चात सफाई के लिए प्रेरित करने कार्य भी यह टीम करें। इससे न केवल परिसर साफ रहेगा बल्कि दूसरों के लिए प्रेरणा भी बनेगा। आमजन को जल संरक्षण व स्वच्छता के प्रति जागरूक करना ही वंदे गंगा अभियान का उद्देश्य है।

# पाटनी पब्लिक स्कूल की होनहार प्रतिभाएं सम्मानित



**24 न्यूज अपडेट**

निंबाहेड़ा. वंडर सीमेंट लिमिटेड आर. के. नगर, निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़ के पाटनी पब्लिक स्कूल में सी.बी.एस.ई. 10 वीं तथा 12 वीं बोर्ड परीक्षा के टॉपर विद्यार्थियों को वंडर सीमेंट यूनिट हेड एवं विद्यालय प्रबंधक नितिन जैन ने द्वारा आज 14 जून 2025 को प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नितिन जैन ने छात्रों एवं उनके अभिभावको को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया ओर कहा की पाटनी पब्लिक स्कूल के सभी मेधावी विद्यार्थियों ने सी.बी.एस.ई. 12 वीं तथा 10 वीं बोर्ड परीक्षाओं में शत प्रतिशत परिणाम देकर हमारे विद्यालय का नाम पूरे जिले एवं राज्य स्तर पर रोशन कर हमें गौरवान्वित किया हैं। जैन ने विद्यार्थियों को जीवन भर सीखते रहने की प्रेरणा देते हुए कहा की हमेशा अपने गुरुजनों, माता-पिता एवं बड़ों से मार्ग दर्शन प्राप्त करते हुए अपने जीवन को संवारे। जैन ने समस्त शिक्षकों तथा परिजनों को भी शुभकामनाएँ दी एवं उक्त परिणाम विद्यालय परिवार को समर्पित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरिश बाबू एम.एम. ने जानकारी दी कि इस अवसर पर विद्यालय के 6 होनहारों को सम्मानित किया गया। जिसमें सी.बी.एस.ई. 12 वीं वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय की बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्श करने वाले अक्षत जैन, सुश्री ऋषिका विरानी, हरीनंद के एम, सुश्री सौम्या सिंघवी तथा सी.बी.एस.ई. 10 वीं बोर्ड के इषित जैन ने एवं सुश्री सिद्धी जैन शामिल थे। पाटनी पब्लिक स्कूल के होनहार विद्यार्थी निरन्तर जिला स्तर पर वरीयता सूची के प्रथम पायदान पर स्थान प्राप्त करते आये हैं। पाटनी पब्लिक स्कूल में 10 वीं एवं 12 वीं के साथ-साथ विद्यालय की सभी कक्षाएं बेस्ट फेकल्टी के साथ संचालित हैं। विद्यालय टीम हर वर्ष उत्कृष्ट प्रतिशत परिणामों के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरन्तर अग्रसर हैं।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।